ऑपरेशन त्रिनेत्र

ऑपरेशन त्रिनेत्र का बढ़ता कारवां

- ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से कानपुर पुलिस अपराधियों पर लगातार कस रही शिकंजा
- MKU Limited के चेयरमैन एवं FICCI कानपुर संगठन के अध्यक्ष द्वारा प्रमुख स्थानों पर कैमरे लगवाने की पहल
- त्रिनेत्र एम्बैसडर बन कर 05 चौराहों को लिया गोद
- पुलिस आयुक्त ने MKU Limited के चेयरमैन एवं FICCI कानपुर संगठन के अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता जी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कानपुर शहर के नागरिकों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार द्वारा शहर के सम्भ्रांत नागरिकों से ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान में जुडकर महत्वपूर्ण चौराहों/तिराहों को गोद लेकर सीसीटीवी कैमरों के स्थापन में सहयोग करने की अपील की गई थी। इसी क्रम में आज **MKU Limited के चेयरमैन एवं FICCI कानपुर संगठन के अध्यक्ष श्री मनोज गुप्ता** ने सामाजिक जिम्मेवारी के तहत अपने स्मार्ट शहर को अधिक सुरक्षित शहर बनाने के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाते हुए **पुलिस आयुक्त श्री अखिल कुमार से** शिष्टाचार भेंट की एवं अपनी कम्पनी की तरफ से प्रथम चरण में 05 चौराहों को गोद लेकर ऑपरेशन त्रिनेत्र के अन्तर्गत कैमरों के स्थापन हेतु गोद लिए हुए चौराहों की नामावली सूची के साथ सहमति पत्र प्रदान किया है।

पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा इस अवसर पर त्रिनेत्र एम्बैसडर **श्री मनोज गुप्ता** की प्रशंसा करते हुए पुलिस एवं नगर निगम की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि आपके सहयोग से निश्चित तौर पर कानपुर शहर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी। मैं आशान्वित हूं कि शहर के अन्य सम्भ्रांत व अच्छे नागरिक आगे बढ़कर इसी प्रकार **त्रिनेत्र एम्बैसडर प्रोग्राम के महाअभियान** को सफल बनाने में अपना योगदान देकर पुलिस प्रशासन के हाथ को मजबूत करेंगे।